# खनन सुधार पर राज्य को फिर मिले ₹100 करोड़

**देहरादून, मुख्य संवाददाता।** उत्तराखंड को खनन सुधार के लिए एक बार फिर केंद्र सरकार से 100 करोड़ की प्रोत्साहन राशि मिली है। माइनर मिनरल्स रिफॉर्म्स में नंबर वन आने पर राज्य को यह प्रोत्साहन दिया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में राज्य ने खनन क्षेत्र में फिर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। केंद्रीय खान मंत्रालय ने वर्ष 2025-26 की विशेष सहायता योजना के तहत राज्य को माइनर मिनरल्स रिफॉर्म्स में 100 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी है। अक्तूबर में राज्य को एसएमआरआई रैंकिंग में दूसरा स्थान प्राप्त होने पर 100 करोड़ मिले थे।

> प्रदेश में खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ई निलामी प्रणाली, सैटेलाइट आधारित निगरानी जैसे कई कदम उठाए गए हैं। **-पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री उत्तराखंड